भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2012

जिसका उत्तर 05.08.2026 को दिया जाना है

तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं

2012. श्री पी. विल्सन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को तमिलनाडु सरकार से नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, सड़क चौड़ीकरण, बाईपास, फ्लाईओवर तथा अन्य सड़क अवसंरचना कार्यों हेतु अनुमोदन प्राप्त करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो प्रत्येक प्रस्ताव की अनुमानित लागत तथा वर्तमान स्थिति सहित प्रस्तावित तथा लंबित परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) अनुमोदित, लंबित तथा अस्वीकृत प्रस्तावों की संख्या कितनी है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) अनुमोदन प्रदान करने तथा संस्वीकृत परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु निर्धारित समय-सीमा क्या है; और

(ड) विगत पाँच वर्षों के दौरान तमिलनाडु को राष्ट्रीय राजमार्ग विकास हेतु आवंटित कुल निधि का वर्ष- वार तथा परियोजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यों को अन्य बातों के साथ-साथ, कॉरिडोर आधारित दृष्टिकोण, सड़क खंड पर पहले से किए गए सुधार कार्य, उसकी वर्तमान स्थिति, यातायात की मात्रा और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ तालमेल को ध्यान में रखते हुए शुरू किया जाता है। इसके आधार पर, कार्यों को वार्षिक योजना में शामिल किया जाता है और तदनुसार, राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाते हैं। ऐसे प्रस्तावों की जांच, मूल्यांकन और अनुमोदन, अनुप्रयोज्य दिशानिर्देशों और मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार किया जाता है। कार्य विवरण के आधार पर, आम तौर पर कार्य शुरू होने के बाद पूरा होने का समय 12 माह से 36 माह तक होता है।

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए आवंटित धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	आवंटन (₹ करोड़)
2021-22	4155.11
2022-23	8287.23
2023-24	9576.29
2024-25	7823.90
2025-26	6587.42

*****